CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 23 रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# प्रदेश में निकाय चुनाव में भाजपा का परचम

## भाजपा का पूरे 10 निगम में कब्जा



## 49 नगर पालिका में 36 सीट में भाजपा, 7 में कांग्रेस 5 में निर्दलीय तो एक आप पार्टी को जीत मिली



राजधानी में 15 साल बाद भाजपा का महापौर

**रायपुर, 15 फरवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त लहर देखने को मिल रही है। प्रदेश के 10 नगर निगम, 49 नगर पालिक निगम और 114 नगर पंचायत के लिए वोट डाले गए थे जिसमें से पूरे 10 नगर निगम में भाजपा का कब्जा हो रहा है। कांग्रेस सभी जगह भारी मतों से पीछे चल रही है। इसी तरह 49 नगर पालिका में कांग्रेस मात्र 7 जगह ही जीत पाई है और भाजपा 36 सीटें जीत चुकी है। एक पर आप पार्टी ने कब्जा कर लिया है और 5 पर निर्दलीय अध्यक्ष बन गए हैं। 114 नगर पंचायतों में भी कांग्रेस की बहुत बुरी स्थिति है। अधिकांश से अधिक जगहों पर भाजपा कब्जा कर चुकी है। रायपुर राजधानी की प्रतिष्ठित महापौर की सीट पर भाजपा की मीनल चौबे 1 लाख से अधिक वोटों से जीत गई हैं जबकि पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे चुनाव हार गईं हैं। प्रमोद दुबे ने सार्वजनिक रूप से यह जनादेश स्वीकार भी कर लिये हैं। मीनल चौबे रायपुर के पिछले 15 साल से कांग्रेस का कब्जा छिनने में सफल हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपने पाटन का नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस को विजय नहीं दिला पाए वहां से भाजपा का कब्जा हो गया है। उसी तरह अंबिकापुर में टीएस सिंहदेव के रहते हुए भी कांग्रेस का 10 साल का किला ढह गया है। रायपुर महापौर एजाज ढेबर अपने वार्ड से हार गए हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में भाजपा का परचम फहरा गया है।

### नगर निगम ये महापौर

| | |
|---|---|
| रायपुर | मीनल चौबे |
| जगदलपुर | संजय पांडे |
| बिलासपुर | पूजा विधानी |
| दुर्ग | अलका बाघमार |
| राजनांदगांव | मधुसूदन यादव |
| कोरबा | संजूदेवी राजपूत |
| रायगढ़ | जीववर्धन चौहान |
| अंबिकापुर | मंजूषा भगत |
| चिरमिरी | रामनरेश राय |
| धमतरी | जगदीश रामू |

## जीत के बाद जश्न में डूबे भाजपाई, कार्यकर्ताओं के साथ जमकर थिरके डिप्टी सीएम अरुण साव



प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतगणना जारी है. जिसमें कई निकायों भाजपा ने जीत दर्ज कर ली है. वहीं कई जगहों पर बीजेपी लीड बनाए हुए है. इसके अलावा सभी 10 नगर निगमों में भी कमल खिल गया है. इसी बीच भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय पर लोरमी भाजपा इकाई जश्न में डूब गई है. साथ ही इस जश्न में प्रदेश के डिप्टी सीएम और लोरमी से विधायक अरुण साव भी कार्यकर्ताओं संग जमकर थिरक रहे हैं। मुंगेली जिले के लोरमी नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा ने परचम लहराया है. प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव इस चुनाव में लगातार प्रचार प्रसार करते नजर आए थे. जहां भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा 2456 मतों से जीत दर्ज कर ली है. तो वहीं कांग्रेस के अनिल दास को हार का सामना करना पड़ा है. मुंगेली जिले के लोरमी नगर पंचायत को अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद नगर पालिका का दर्जा मिला है. जहां पहले 15 वार्ड में नगर पंचायत में चुनाव होता था. लेकिन इस बार नगर पालिका क्षेत्र में कुल 18 वार्डों में चुनाव हुआ है. यहां पर 11 पार्षद भाजपा के, एक निर्दलीय सहित 6 कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है. जिनमें 2 भाजपा के पार्षद प्रत्याशी मतदान के पहले ही निर्विरोध चुने गए हैं. वहीं सुजीत वर्मा की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है. लोरमी में भाजपा जीत का जश्न मना रही है।

## भाजपा की निर्णायक बढ़त पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बोले- भाजपा सरकार के कामों से बढ़ा जन विश्वास



नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की निर्णायक बढ़त के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहली प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है. सीएम ने इस अभूतपूर्व जनादेश के लिए प्रदेश के मतदाताओं का आभार जताया है। सीएम साय ने कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने जिस तरह डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया, जिस तरह संगठन ने कुशल रणनीति के तहत इस चुनाव में भी भागीदारी की, यह निर्णायक बढ़त उसी का परिणाम है. भाजपा सरकार के कार्यों से जो जन विश्वास बढ़ा, वह जनादेश में बदलता दिख रहा है. हम और अधिक उत्साह के साथ जनाआकांक्षाओं पर खरा उतरने परिश्रम की पराकाष्ठा करेंगे।

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गढ़ भी ढहा:** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की सुनामी में कांग्रेस के अनेक गढ़ ढहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गढ़ माने जाने वाले पाटन की होगी. पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा के योगेश निक्की भाले ने 600 से ज्यादा मतों के अंतर से जीत हासिल कर नई इबारत लिख दी है।

### 49 नगर पालिका परिषदों में ये जीते

| नगर पालिका | जीत | पार्टी |
|---|---|---|
| बीजापुर | गीता सोम पुजारी | भाजपा |
| किरंदुल | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| बड़ी-बचेली | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| दंतेवाड़ा | पायल गुप्ता | भाजपा |
| सुकमा | हूंगा राम मरकाम | भाजपा |
| कोण्डागांव | नरपति पटेल | भाजपा |
| कांकेर | अरुण कौशिक भाजपा | |
| नारायणपुर | इंद्र प्रसाद बघेल | भाजपा |
| कवर्धा | चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी | भाजपा |
| पंडरिया | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| कुम्हारी | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| अहिवारा | विद्यानानद कुशवाहा | निर्दलीय |
| अमलेश्वर | दयानन्द सोनकर | भाजपा |
| दल्लीराजहरा | तोरन साहू | भाजपा |
| बालोद | प्रतिभा चौधरी | भाजपा |
| बेमेतरा | विजय सिन्हा | भाजपा |
| डोंगरगढ़ | रमन डोंगरे | भाजपा |
| महासमुंद | निखिल कांत साहू | कांग्रेस |
| बागबाहरा | खिलेश्वरी बघेल | कांग्रेस |
| सरायपाली | सरस्वती पटेल | भाजपा |
| तिल्दा-नेवरा | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| गोबरा नवापारा | ओमकुमारी | भाजपा |
| आरंग | संदीप जैन | भाजपा |
| अभनपुर | उत्तरसेन गहिरवारे | कांग्रेस |
| मंदिर हसौद | गोपाल चतुर्वेदी | कांग्रेस |
| गरियाबंद | रिखी राम यादव | भाजपा |
| बलौदाबाजार | अशोक जैन | भाजपा |
| भाटापारा | अश्वनी शर्मा | भाजपा |
| सिमगा | हरदीप सिंह भाटिया | निर्दलीय |
| तखतपुर | पूजा मक्कड़ | भाजपा |
| रतनपुर | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| बोदरी | नीलम विजय वर्मा | आप |
| गौरेला | मुकेश दुबे | भाजपा |
| पेण्ड्रा | राकेश जालान | निर्दलीय |
| मुंगेली | रोहित शुक्ला | कांग्रेस |
| लोरमी | सुजीत वर्मा | भाजपा |
| खरसिया | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| जांजगीर-नैला | चित्रलेखा गढ़ेवाल | भाजपा |
| चांपा | प्रदीप नामदेव | भाजपा |
| अकलतरा | दीप्ती सारथी | निर्दलीय |
| सक्ती | श्याम सुन्दर अग्रवाल | निर्दलीय |
| दीपिका | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| कटघोरा | राज जायसवाल | कांग्रेस |
| बांकी-मोंगरा | भाजपा प्रत्याशी की जीत | |
| बलरामपुर | लोधी राम एक्का | भाजपा |
| रामानुजगंज | रमन अग्रवाल | भाजपा |
| सूरजपुर | कुसुमलता राजवाड़े | कांग्रेस |
| मनेन्द्रगढ़ | प्रतिमा यादव | भाजपा |
| जशपुरनगर | अरविन्द भगत | भाजपा |

### प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर बोलेरो-बस में हुई टक्कर

## प्रयागराज महाकुंभ जा रहे कोरबा के 10 श्रद्धालुओं की मौत



**कोरबा, 15 फरवरी (हाईवे चैनल)।** प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो की बस से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई हैं वहीं 19 घायल हैं।

जानकारी के अनुसार कोरबा जिले से श्रद्धालु संगम स्नान करने के लिए जा रहे थे कि प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में पिछली रात करीब 2.30 बजे यह हादसा हुआ। सभी मृतक बोलेरो में सवार थे, जबकि बस सवार यात्री घायल हुए हैं। बस प्रयागराज से मध्य प्रदेश लौट रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बोलेरो सवार श्रद्धालु छिटककर सडक़ पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। शवों को बोलेरो से निकालने में ढाई घंटे का समय लगा। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ मौके पर पहुंच गए थे। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने भी बताया कि हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हुई है।

मृतक ईश्वरी प्रसाद जायसवाल के रिश्तेदार अनिल कुमार के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 10 लोग बोलेरो क्रमांक सीजी-11एमबी-4202 पर सवार होकर गंगा स्नान के लिए रवाना हुए थे। सभी को स्वागत- सम्मान के साथ गंगा स्नान के लिए विदा किया गया। ईश्वरी प्रसाद जो कि श्याम नगर नीलगिरी बस्ती दर्री थाना के पीछे के निवासी थे और वर्तमान में कलमीडुग्गू में निवासी अपने साला भागीरथी जायसवाल के साथ रह रहे थे, इन दोनों के अलावा संतोष सोनी, उनका पुत्र सौरभ सोनी, गंगा दास वर्मा, उनका पुत्र दीपक वर्मा, शिवा राजपूत, राजू साहू, बोलेरो का चालक और एक अन्य इस यात्रा पर थे। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो संतोष सोनी की है। भागीरथी, संतोष सोनी व अन्य लोग पेटी ठेकेदार के तौर पर काम करते थे। हादसे की सूचना उपरांत उनके परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं कलमीडुग्गू में शोक का माहौल है।

### तबियत बिगडऩे से जा नहीं सके, बच गई जान

महाकुंभ की यात्रा में उक्त बोलेरो में सवार होकर जाने के लिए कलमीडुग्गु निवासी अनिल कुमार के पिता कोमल प्रसाद जायसवाल उम्र लगभग 65 वर्ष ने भी तैयारी कर ली थी लेकिन ऐन वक्त पर उनकी तबीयत बिगड़ जाने के कारण वह महाकुंभ की यात्रा पर नहीं जा सके। उनके स्थान पर दूसरे युवक को जाने का अवसर प्राप्त हुआ लेकिन हादसे में उसकी जान चली गई। कोमल प्रसाद जायसवाल इस हादसे का शिकार ईश्वरी प्रसाद के रिश्तेदार हैं इसलिए पूरा परिवार शोकाकुल है।

## जम्मू-कश्मीर: आतंकवादी संगठन से संबंध के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त, साजिशों का हुआ पर्दाफाश



**नई दिल्ली, 15 फरवरी (न्यूज चैनल)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और वन विभाग का कर्मचारी शामिल हैं। उपराज्यपाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत इन कर्मचारियों को बर्खास्त किया क्योंकि जांच में यह पाया गया कि इनकी आतंकवादी संगठनों से संबंध थे। यह कार्रवाई उपराज्यपाल द्वारा सुरक्षा समीक्षा बैठक के अगले दिन की गई थी जिसमें उन्होंने आतंकियों और उनके नेटवर्क के खिलाफ अभियान का निर्देश दिया था।

**फिरदौस अहमद भट (कांस्टेबल जम्मू कश्मीर पुलिस):** फिरदौस भट्ट जो 2011 में कांस्टेबल बना था जिसने लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के लिए काम किया। मई 2024 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में वे कश्मीर के कोट भलवाल जेल में बंद हैं। भट्ट ने आतंकवादी हमलों के लिए हथियारों की आपूर्ति करने में मदद की थी और कई पुलिस अधिकारियों को भी धमकियां दी थीं।

**निसार अहमद खान (कर्मचारी वन विभाग):** निसार अहमद खान ने 1996 में वन विभाग में कार्य शुरू किया और वे आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहा था। जो 2000 में एक बड़े आतंकवादी हमले में सहयोग किया था और फिर 2016 में घाटी में हिंसा भड़काने का काम किया।

**मोहम्मद अशरफ भट्ट (शिक्षक):** अशरफ भट्ट जो 2008 में शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए थे जो लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम किया और युवा छात्रों को आतंकवाद के लिए उकसाया। और वह 2022 में गिरफ्तार किया गया और वे वर्तमान में रियासी जिला जेल में बंद हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इन कर्मचारियों को धोखेबाज और देशद्रोही करार दिया, जिन्होंने भारतीय राज्य से वेतन प्राप्त करने के बावजूद आतंकवादी गतिविधियों में भाग लिया।

### एआईसीसी के महासचिव बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पंजाब पीसीसी प्रभारी की भी मिली जिम्मेदारी



**रायपुर, 15 फरवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी में अहम जिम्मेदारी दी गई है. उन्हें एआई सीसी के महासचिव बनाए गए हैं. इसके अलावा पंजाब पीसीसी प्रभारी का दायित्व भी दिया गया है. इसका आदेश आज एआईसीसी ने जारी किया है।

## सीएम योगी ने दी चेतावनी: महाकुंभ के चलते कहीं भी जाम लगा तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार



**नई दिल्ली, 15 फरवरी (न्यूज चैनल)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद वाराणसी और अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के ट्रैफिक जाम में फंसने का संज्ञान लेते हुए कहा कि कहीं भी जाम की स्थिति होने पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे। शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर महाकुंभ की व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में उतरकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

दरअसल, महाकुंभ के पलट प्रवाह से अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में बृहस्पतिवार को भयंकर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। सबसे बुरा हाल अयोध्या का रहा। बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। हालात नियंत्रण करने के लिए जिले की सीमा से ही वाहनों को डायवर्ट किया जाने लगा। गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया। सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा रहा। इसका संज्ञान लेकर सीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम ना लगे। इसकी हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा, वहां के अधिकारियों के जवाबदेही तय होगी। बता दें कि इससे पहले सीएम के सख्त रुख के बाद अधिकारियों ने मोर्चा संभाला था, जिससे हर जगह जाम खत्म कराने में सफलता मिली थी।